द्वितीय सत्र, 2017
का प्रथम सोमवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

की कार्यसूची

सोमवार, 11 बैसाख, शक संवत्, 1939

(दिनांक : 01 मई, 2017)

नत्थी ''ख''

<u>उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत द्वितीय सत्र 2017 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न</u>

श्री प्रीतम सिंह पंवार 21.03.2017	*01. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए क्या सरकार कोई ठोस योजना बना रही है? यदि हां तो क्या? यदि नहीं तो क्यों?	**स्वास्थ्य**
श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी 23.03.2017	*02. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कतिपय राजकीय चिकित्सालयों का संचालन पी0पी0पी0 मोड के अन्तर्गत दिया गया है? यदि हॉ तो इन चिकित्सालयों का विवरण क्या है तथा इन चिकित्सालय में चिकित्सकों एवं अन्य कार्मिकों के कौन–कौन तथा कितने–कितने पद स्वीकृत है तथा स्वीकृत पदो के प्रति कितने–कितने चिकित्सक एवं अन्य कार्मिक कार्यरत है? क्या यह भी सत्य है कि जनपद चमोली के अन्तर्गत गैरसैण में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन भी पी0पी0पी0 मोड के अन्तर्गत दिया गया है? यदि हॉ तो उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों एवं अन्य कार्मिकों के स्वीकृत एवं कार्यरत पदों का विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों एवं अन्य कार्मिकों के अधिकांश पद रिक्त चले आ रहे है जिसके कारण इस स्वास्थ्य केन्द्र से प्रदत स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित लाभ स्थानीय जनमानस को नहीं मिल पा रहा है? यदि हॉ तो इस स्वास्थ्य केन्द्र को पी0पी0पी0 मोड में दिये जाने का औचित्य एवं उद्देश्य क्या है?	**स्वास्थ्य**